X

**बिहार सरकार**

स्वास्थ्य विभाग

**आदेश**

**संख्या–2/एम–46/2022– /स्वा०, पटना, दिनांक / /2026**

बिहार तकनीकी सेवा आयोग से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या–252(2), दिनांक–06.02.2026 द्वारा डा० गौतम गर्ग, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी सम्प्रति पदस्थापन की प्रतीक्षा में, स्वास्थ्य विभाग का डा० गौतम राम के नाम से विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी (नेत्र रोग) के पद पर नियुक्ति–सह–पदस्थापन अनुमंडलीय अस्पताल, चकिया, पूर्वी चम्पारण में किया गया।

2. डा० गर्ग तत्समय पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना में सीनियर रेजिडेन्ट के टेन्योर पद पर पदस्थापित थे। डा० गर्ग के नाम में अन्तर होने के कारण विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी (नेत्र रोग) के पद पर योगदान करने हेतु अधीक्षक, पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना द्वारा उन्हें विरमित नहीं किया गया। दिनांक–06.07.2026 को सीनियर रेजिडेन्ट का टेन्योर पूर्ण होने के पश्चात डा० गर्ग द्वारा दिनांक–07.07.2026 को सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर स्वास्थ्य विभाग (मुख्यालय) में पदस्थापन की प्रतीक्षा में योगदान समर्पित किया गया।

3. विभागीय ज्ञापांक–1778(2), दिनांक–27.07.2026 द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी (नेत्र रोग) के पद पर नियुक्ति–सह–पदस्थापन से संबंधित विभागीय अधिसूचना संख्या–252(2), दिनांक–06.02.2026 के क्रमांक–33 द्वारा अधिसूचित 'Gautam Ram' के स्थान पर 'Gautam Garg' पढ़े जाने संबंधी शुद्धि पत्र निर्गत किया गया।

4. वर्त्तमान में डा० गर्ग द्वारा आवेदन उपलब्ध कराते हुए सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी के पद से विरमित कर विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी (नेत्र रोग) के पद पर स्वास्थ्य विभाग (मुख्यालय) में योगदान स्वीकार करने हेतु अनुरोध किया गया है।

5. वर्णित तथ्यों तथा विभागीय अधिसूचना संख्या–252(2), दिनांक–06.02.2026 की कंडिका–18 के आलोक में डा० गौतम गर्ग को सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी के पद से दिनांक–12.08.2026 के अपराह्न से विरमित करते हुए विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी (नेत्र रोग) के पद पर स्वास्थ्य विभाग (मुख्यालय) में अविलम्ब योगदान करने हेतु निदेशित किया जाता है।

6. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
**(राजीव रंजन)**
**सरकार के अवर सचिव**

**संख्या–2/एम–46/2022– 1964(2) /स्वा०, पटना, दिनांक 12/08/2026**

**प्रतिलिपिः** महालेखाकार (ले० एवं ह०) बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः** डा० गौतम गर्ग, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, पदस्थापन हेतु प्रतीक्षारत, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः** प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–3, 9(ए एवं बी), 17 एवं 18ए को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः** श्री अमित कुमार, डाटा एनालिस्ट, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः** आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह० 12/08/2026
**सरकार के अवर सचिव।**

Des 2>Dhan>Draft>adesh26 Vikash